कैलिफ़ोर्निया राज्य—स्वास्थ्य एवं मानव सेवाओं की एजेंसी
विकासात्मक सेवाओं का विभाग
1215 O Street, Sacramento, CA 95814
www.dds.ca.gov

**पीट सर्विंका**
*निर्देशक*

**गैविन न्यूसम**
*राज्यपाल*

# गोपनीयता सुरक्षा पर तथ्य पत्रक

कैलिफ़ोर्निया विकास सेवा विभाग (विभाग) और 21 क्षेत्रीय केंद्र मिलकर बौद्धिक और विकासात्मक विकलांगताओं (व्यक्तियों) वाले 500,000 से ज़्यादा व्यक्तियों को सहायता प्रदान करते हैं। सहायता उन सेवाओं और संसाधनों के जरिए की जाती है जो व्यक्तियों और उनके परिवारों, प्रतिनिधियों और अधिवक्ताओं **!Unexpected End of Formula**के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

इन सेवाओं को डिज़ाइन और प्रदान करने के हिस्से के रूप में, विभाग और क्षेत्रीय केंद्र केवल उसी व्यक्तिगत जानकारी को इकट्ठा, संरक्षित और इस्तेमाल करते हैं जो इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए ज़रूरी होता है। संघीय और राज्य गोपनीयता कानूनों के अनुसार, विभाग और क्षेत्रीय केंद्र आपकी जानकारी को आपकी अनुमति के बिना खुलासा नहीं कर सकते, जब तक कि ऐसा करने के लिए उन्हें किसी और कानून से अनुमति न दी गई हो।

**महत्वपूर्ण**: यह तथ्य पत्रक आपकी गोपनीयता से संबंधित कानूनी अधिकारों का एक विवरण देता है। कानून में कुछ ऐसी परिस्थितियों के बारे में बताया गया है जिनमें आपकी जानकारी का खुलासा किया जा सकता है। कृपया गोपनीयता प्रथाओं की सूचना देखें आपकी जानकारी का उपयोग और प्रकटीकरण कैसे किया जा सकता है, और आप अपनी जानकारी तक कैसे पहुंच सकते हैं, इसकी पूरी सूची के लिए यहाँ क्लिक करें।

---

## ☑ DDS और क्षेत्रीय केंद्र मेरी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल कैसे करते हैं?

DDS और क्षेत्रीय केंद्रों को आपको गोपनीयता प्रथाओं का नोटिस देना होगा।[i] यह नोटिस आपको बताता है कि आपकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल और प्रकटीकरण कैसे किया जाएगा। यह आपको बताता है कि आपकी जानकारी कौन देख सकता है, आपके अधिकार क्या हैं, और कहाँ शिकायत की जा सकती है। DDS की गोपनीयता प्रथाओं का नोटिस यहाँ देखा जा सकता है: गोपनीयता प्रथाओं का नोटिस।

## ☑ मेरी व्यक्तिगत जानकारी तक कौन पहुंच सकता है?

DDS और क्षेत्रीय केंद्रों को आपकी व्यक्तिगत जानकारी दूसरों को बताने से पहले आपकी लिखित अनुमति लेनी होती है, जब तक कि कोई कानून इसको बताने की अनुमति न देता हो, जैसे कि उपचार, भुगतान, या स्वास्थ्य देखभाल कार्यों के प्रयोजनों के लिए, या जब कानून जानकारी देने की मांग करता हो।[ii]

आपकी व्यक्तिगत जानकारी को बताने के लिए आपकी लिखित अनुमति को कभी-कभी "प्राधिकरण" कहा जाता है। इसमें यह बताना ज़रूरी है कि कौन सी जानकारी, किसे और किस लिए बताई जा सकती है। किसी दबाव या प्रतिशोध के डर के बिना, आपके पास "नहीं" कहने का पूरा अधिकार है। आपको किसी भी समय अपना मन बदलने और अपनी लिखित अनुमति को वापस लेने का अधिकार है।[iii]

## ☑ क्या मैं अपने रिकॉर्डस में अपनी जानकारी देख सकता/सकती हूँ?

आप DDS और क्षेत्रीय केंद्रों में अपने रिकॉर्डस में मौजूद अपनी जानकारी को पढ़ने या उसकी कॉपियाँ बनाने के लिए कह सकते हैं। आप निम्नलिखित लिंक पर अपने DDS रिकॉर्डस के लिए अनुरोध कर सकते हैं: रिकॉर्डस के लिएअनुरोध। अगर आप अपने क्षेत्रीय केंद्र के रिकॉर्डस को एक्सेस करना चाहते हैं या उसकी

## ☑ मैं अपने रिकॉर्डस में दी गई जानकारी में सुधार कैसे कर सकता/सकती हूँ?

अगर आपको लगता है कि आपकी दी हुई जानकारी सही या पूरी नहीं है, तो आप DDS और क्षेत्रीय केंद्रों से अपने रिकॉर्डस में रखी गई जानकारी को बदलने के लिए कह सकते हैं। DDS और क्षेत्रीय केंद्र आपके अनुरोध को अस्वीकार कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो आप अपनी फाइल में जानकारी को स्पष्ट करने वाला एक बयान जोड़ सकते हैं।[i] आप अपने DDS रिकॉर्डस में बदलाव का अनुरोध करने के लिए फ़ॉर्म यहाँ देख सकते हैं: व्यक्तिगत जानकारी मेंसंशोधनकरने का अनुरोध। अगर आप अपनी क्षेत्रीय केंद्र की जानकारी में कोई भी बदलाव करना चाहते हैं, तो आपको सीधे अपने क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क करना होगा।

## ☑ क्या DDS या क्षेत्रीय केंद्रों ने मेरी व्यक्तिगत जानकारी अन्य लोगों को प्रदान की जाती है?

आपके पास DDS और अपने क्षेत्रीय केंद्र से यह जानने का अधिकार है कि आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किसने प्राप्त किया है।[vi] इसे "प्रकटीकरण का लेखा-जोखा" कहा जाता है। इसमें प्रकटीकरण की तारीख, उस व्यक्ति का नाम जिसने जानकारी प्राप्त की, कौन सी जानकारी ली गई, और प्रकटीकरण का उद्देश्य शामिल होना चाहिए।[vii] इस आवश्यकता के कुछ अपवाद हैं, जैसे आपके द्वारा अनुरोधित प्रकटीकरण या उपचार, भुगतान, या स्वास्थ्य देखभाल कार्यों के प्रयोजनों के लिए किए गए प्रकटीकरण।[viii] अगर आप DDS से प्रकटीकरणों का लेखा-जोखा प्राप्त करना चाहते हैं,

कॉपियाँ बनाना चाहते हैं, तो आपको सीधे अपने क्षेत्रीय केंद्र को संपर्क करना होगा।

अगर आपका अनुरोध अस्वीकार किया जाता है, तो आपको इसका कारण ज़रूर बताया जाएगा। अगर आपका अनुरोध अस्वीकार कर दिया जाता है तो आपके पास एक प्रक्रिया है जिसके जरिए आप फिर से समीक्षा की मांग कर सकते हैं।[iv]

तो कृपया privacyofficer@dds.ca.gov पर ईमेल भेजें।

## ☑ अगर मुझे लगता है कि DDS या किसी क्षेत्रीय केंद्र ने कानून का उल्लंघन किया है, तो मुझे क्या करना चाहिए?

अगर आपको चिंता है कि DDS या किसी क्षेत्रीय केंद्र ने आपकी जानकारी का प्रबंधन करने में कानून का उल्लंघन किया है, तो DDS आपके लिए शिकायत दर्ज करने के कई विकल्प प्रदान करता है, जो यहाँ देखे जा सकते हैं: अपील औरशिकायतें।

अगर आप पोर्टरविल विकास केंद्र या कैन्यन स्प्रिंग्स सामुदायिक सुविधा में रहते हैं, और आपको लगता है कि सुविधाओं ने आपकी व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता या सुरक्षा के संबंध में कानून का उल्लंघन किया है, तो आप कैलिफ़ोर्निया के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए HIPAA/गोपनीयताशिकायत फ़ॉर्म का इस्तेमाल करें, जो यहाँ मिल सकता है:

आपके पास संघीय स्वास्थ्य कानून के तहत आपकी व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता या सुरक्षा से संबंधित संभावित उल्लंघनों पर संघीय नागरिक अधिकार कार्यालय में शिकायत करने का भी अधिकार रखते हैं: अमेरिकी नागरिक अधिकारशिकायत पोर्टल सहायक|

कैलिफ़ोर्निया कानून आपको राज्य के कानूनों और स्वास्थ्य जानकारी की गोपनीयता का उल्लंघन करने के

कुछ मामलों में क्षतिपूर्ति की भरपाई के लिए मुकदमा दायर करने का अधिकार देता है।[ix]

☑ **क्या यह तथ्य पत्रक मेरे लिए लागू होता है, भले ही मैं अमेरिकी नागरिक नहीं हूँ?**

हां, ये अधिकार सभी व्यक्तियों और उनके परिवारों पर लागू होते हैं, जिन्हें क्षेत्रीय केंद्रों द्वारा समर्थन प्राप्त होता है, चाहे उनकी आप्रवासन स्थिति कुछ भी हो। होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा 8 सितंबर, 2022 को जारी किए गए एक नियम के तहत, गैर-नागरिक जो स्वास्थ्य या अन्य लाभ प्राप्त करते हैं, जिनके वे हकदार हैं, वे उस स्वास्थ्य देखभाल या लाभों को प्राप्त करने के परिणामस्वरूप नुकसानदायक आप्रवासन परिणामों का सामना नहीं करेंगे।[x]

☑ **क्या मेरी आप्रवासन संबंधी जानकारी संघीय सरकार को दी जाएगी?**

DDS और क्षेत्रीय केंद्र स्वेच्छा से आपकी आप्रवासन संबंधी जानकारी संघीय एजेंसियों को नहीं बताएंगे। हालाँकि, कानून या अदालती आदेश के तहत हमें ऐसा करने के लिए बाध्य किया जा सकता है।

☑ **क्या मेरी प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जानकारी जांच के लिए प्रकट की जाएगी?**

DDS और क्षेत्रीय केंद्र आपकी जानकारी का इस्तेमाल या खुलासा आपराधिक, सिविल या प्रशासनिक जांच के लिए नहीं करेंगे, जो प्रजनन स्वास्थ्य सेवा की मांग, प्राप्ति, प्रदान करने या सुविधा प्रदान करने के कार्य के लिए हो, जहाँ ऐसी स्वास्थ्य सेवा उन परिस्थितियों में वैध होती है जिनमें इसे प्रदान किया जाता है, जब तक कि कानून या अदालत के आदेश द्वारा ऐसा करने के लिए मजबूर न किया जाए।[xi]

☑ **क्या ऐसे अतिरिक्त संसाधन हैं जो मेरी व्यक्तिगत जानकारी पर मेरे गोपनीयता अधिकारों को समझने में मेरी सहायता कर सकते हैं?**

- DDS गोपनीयता नीति पृष्ठ: https://www.dds.ca.gov/general/privacy-policy/
- गोपनीयता प्रथाओं की DDS नोटिस: DS-5310 Consumer Notice of Privacy Practices 20230905.docx आपकी व्यक्तिगत जानकारी को एक्सेस करने और/या कॉपियों के लिए DDS अनुरोध फॉर्म: व्यक्तिगत जानकारी को एक्सेस करने और/याकॉपियाँ बनाने के लिए (DS 5410) या निम्नलिखित लिंक पर अनुरोध करें: रिकार्डस अनुरोध
- आपकी व्यक्तिगत जानकारी में संशोधन करने के लिए DDS का अनुरोध फॉर्म: व्यक्तिगत जानकारी में संशोधन का अनुरोध (DS 5210)
- कैलिफ़ोर्निया न्याय विभाग: उपभोक्ता गोपनीयतासंसाधन

**यह तथ्य पत्र जानकारी दिए जाने के उद्देश्यों से है और इसे कानूनी सलाह या कैलिफ़ोर्निया राज्य की नीति के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए। यह उद्धृत कानूनों पर आधारित है, जो दिसंबर 2024 तक लागू रहेंगे।**

**यदि आप किसी विशेष मुद्दे पर सलाह चाहते हैं, तो आपको किसी वकील या अन्य विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए। यहाँ सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित की गई कानूनी सेवाओं और आव्रजन वकीलों की सूची दी गई है ।**

**इस तथ्य पत्र की कॉपी बनाई जा सकती है, यदि: (1) कॉपी किए गए पाठ का अर्थ बदला या गलत तरीके से प्रस्तुत नहीं किया गया है, (2) कैलिफ़ोर्निया विकास सेवा विभाग को श्रेय दिया गया है, और (3) सभी कॉपियाँ निःशुल्क वितरित की जाती हैं।**

---

[i] गोपनीयता प्रथाओं की नोटिस पर: 45 CFR § 164.520; DDS की गोपनीयता प्रथाओं का नोटिस यहाँ देखा जा सकता है: DS-5310 Consumer Notice of Privacy Practices 20230905.docx.

[ii] प्राधिकरण और बिना प्राधिकरण के इस्तेमाल और प्रकटीकरण पर: 45 CFR §§ 164.506, 164.508, और 164.512; कैलिफ़ोर्निया वेलफेयर एवं संस्थान कोड, § 4514.

[iii] वैध प्राधिकरण के घटक: 45 CFR § 164.508;  कैलिफ़ोर्निया कल्याण एवं संस्थान संहिता, § 4514.

[iv] एक्सेस का अधिकार: 45 CFR § 164.524; कैलिफ़ोर्निया सिविल कोड §§ 1798.32, 1798.34; कैलिफ़ोर्निया स्वास्थ्य और सुरक्षा कोड § 123140

[v] संशोधन का अधिकार: 45 CFR § 164.526; कैलिफ़ोर्निया सिविल कोड § 1798.35

[vi] प्रकटीकरण के लेखांकन का अधिकार: 45 CFR § 164.528(a); कैलिफ़ोर्निया सिविल कोड §§ 1798.25 और 1798.28

[vii] प्रकटीकरण के लेखांकन के तत्व: 45 CFR § 164.528(b); कैलिफ़ोर्निया सिविल कोड §§ 1798.25 और 1798.28

[viii] प्रकटीकरण के लेखांकन के अपवाद: 45 CFR § 164.528(a); कैलिफ़ोर्निया सिविल कोड §§ 1798.25 और 1798.28

[ix] समाधान: कैलिफ़ोर्निया सिविल कोड §§ 1798.45-1798.57; कैलिफ़ोर्निया वेलफेयर एवं संस्थान कोड § 4518

[x] नया नियम यह स्पष्ट करता है कि गैर-नागरिक जो स्वास्थ्य या अन्य लाभ प्राप्त करतें हैं जिनके वे हकदार हैं उन्हें हानिकारक आप्रवासन परिणाम नहीं भुगतना पड़ेगा | HHS.gov

[xi] संघीय रजिस्टर 2024-08503 - प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल गोपनीयता  का समर्थन करने के लिए HIPAA गोपनीयता नियम